राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

शब–ए– बारात पर राज्यपाल का पैगाम

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा –

घर में रह कर ही करनी है इबादत

––

जयपुर, 08 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शब–ए–बारात पर प्रदेश के मुस्लिम भाइयों, बहिनों और बच्चों को पैगाम दिया है। राज्यपाल ने कहा है कि यह महत्वपूर्ण दिवस है। इस दिवस पर खुदा की इबादत घरों में ही रह कर करनी है। घर पर भी सोशल डिस्टेसिंग रखें।

राज्यपाल ने कहा कि इस पावन दिवस पर अल्लाह से क्षमा मांगना पुनित कार्य होता है। सभी लोग घर पर रहकर इस त्यौहार को मनाये। अल्लाह से दुआ मांगे कि देश व प्रदेश जल्द ही कोरोना से मुक्त हो सके।

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की खुशहाली के लिए इबादत करे। उन्होने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव के लिए सभी को मिल–जुल कर प्रयास करने है। राज्यपाल ने कहा कि एकजुटता से किए गए प्रयास से ही कोरोना को मात दी जा सकेगी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने जयपुर, अजमेर और प्रदेश के अन्य जिलों में मुस्लिम आध्यात्मिक गुरूओं से विगत दिनों में दूरभाष पर वार्ता करके लोगों को कोरोना से बचाव के लिए जागरूक करने का आग्रह किया था।

– – –

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क), राज्यपाल